विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2018/ 1177 दिनांक :- 01/09/18

प्रति,

प्राचार्य,
स्वामी विवेकानंद शासकीय वाणिज्य महाविद्यालय,
रतलाम।

विषय :- सत्र 2018-19 के वार्षिक सम्बद्धता शुल्क जमा करने के संबंध में।

संदर्भ :- महाविद्यालय का पत्र क्रमांक/923,दिनांक 16.07.2018 एवं 931,दिनांक 20.07.2018,

महोदय,

उपर्युक्त संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि,आपके द्वारा सत्र 2018-19 से बी.बी.ए.पाठ्यक्रम हेतु जमा किया गया जी.एस.टी शुल्क रू. 9900/-(अक्षरी रूपये नौ हजार नौ सौ मात्र) डी.डी.क्रमांक/ 895434,दिनांक 25.06.2018 एवं बी.कॉम. तथा एम.कॉम. पाठ्यक्रम का वार्षिक सम्बद्धता शुल्क रू. 29,700/-(अक्षरी रूपये उनतीस हजार सात सौ मात्र) डी.डी. क्रमांक/895544,दिनांक 20.07.2018 के माध्यम से विश्वविद्यालय में जमा करने हेतु प्रेषित किया गया है। उक्त के संबंध में सूचित है कि, सत्र 2018-19 में समस्त महाविद्यालयों के सम्बद्धता/सम्बद्धता-निरंतरता शुल्क ऑनलाईन के माध्यम से जमा किये जाने हेतु पूर्व में समस्त महाविद्यालय को विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक/ अकादमिक/2018/1386,दिनांक 04.07.2018 द्वारा सूचित किया गया था कि,समस्त शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से ही जमा किये जावेंगे।

अतः आपके द्वारा प्रदत्त उपरोक्त दोनो मूल डी.डी. लौटा कर आपको निर्देशित किया जाता है कि,आपके महाविद्यालय का उपरोक्त समस्त शुल्क 25% विलम्ब शुल्क सहित एम.पी.ऑनलाईन से ही विश्वविद्यालय कोष में जमा करें।

आदेशानुसार

उपकुलसचिव(अकादमिक)

संलग्न :- दोनो मूल डी.डी.(स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया)

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2018/ 1178 दिनांक :-

प्रतिलिपि :-

01. उप/सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/लेखा विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
02. प्रभारी, ऑनलाईन सेंटर, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
03. प्रभारी,कम्प्यूटर सेंटर/वेबसाईट,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन की ओर प्रेषित कर सूचित है कि, उपरोक्त पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
04. कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।

की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

अनुभाग अधिकारी(अकादमिक)